श्री पशुपति नाथ सुकुल (उत्तर प्रदेश) : उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं पंजाब एप्रोप्रियेशन बिल और पंजाब अप्रोप्रियेशन वोट एंड एकाउन्ट बिल दोनों का समर्थन करता हूं। यह सन्तोष का विषय है कि 58.72 करोड़ का घाटा होते हुए भी नये बजट में कोई नया कर हमारी सरकार ने नहीं लगाया है। यह हर्ष का विषय है कि जो परिस्थितियां वहां व्याप्त है उन परिस्थितियों के बावजूद 700 करोड़ रुपये की वार्षिक योजना हमारी सरकार ने पंजाब के लिये बनाई है और इस 700 करोड़ रुपये में से 465.39 करोड़ सिर्फ सिंचाई बाढ़ नियंत्रण और बिजली पर खर्च होगा जो कि सबसे बड़ी प्राथमिकता है। 64.31 कृषि और सहकारिता पर खर्च होगा, 18.95 करोड़ रुपया उद्योग और खनिज पर खर्च होगा। पुलिस पर 44 करोड़ रुपया ज्यादा खर्च होगा यह सही है कि पिछले साल से जो वहां की हालात और स्थिति है उसको देखते हुए पुलिस पर खर्च बढ़ाना उचित है। आज वहां पर आतंकवादी राकेट लांचर से मिसाइल छोड़ रहे है, हमला कर रहे है और वे वहां पर आधुनिकतम हथियारो का इस्तेमाल कर रहे है। इसलिये वहां पर हमारी पुलिस के पास भी उन्नत हथियार होने आवश्यक हैं जिससे उनका मुकाबला अच्छी तरह से किया जा सके। इसलिये पुलिस पर जो खर्चा बढ़ाया गया है वह बिल्कुल सही है। लेकिन जैसा अभी हमारे साथियो ने कहा कि पंजाब मे जो आज स्थिति है, पिछले 6 सालो से चल रही है और आज भी बरकरार है अत्यन्त गम्भीर है। आज पंजाब में व्याप्त अशांति के कारण उद्योगपति वहां पर नये उद्योग-धंधे शुरू नहीं कर रहे है वहां पर वे इन्वेस्टमेंट नहीं करना चाहते। वहा पर सरकार की तरफ से काम हो रहा है लेकिन जो प्राइवेट लोग हैं वे वहां पर बड़े-बडे कारखाने या बड़े-बड़े उद्योग धंधे नहीं लगाना चाहते हैं और वे वहां से भाग रहे हैं। यहां पर हमे प्रेक्टिकल होना पड़ेगा और देखना पड़ेगा कि इस स्थिति से कैसे निपटा जाए। केवल भाषण देकर इस स्थिति को हम समाप्त नहीं कर सकते। आप देखें कि वहां पर निरीह और और निर्दोष व्यक्तियों की हत्यायें रोज हो रही हैं, आज भी हो रही हैं। हमारी सरकार ने वहा पर क्या नही किया ? राजीव लोंगोवाल समझौता हुआ। इससे यह आशा बनी थी कि वहां पर अच्छा वातावरण बनेगा लेकिन आतंकवादियों ने संत लोंगोवाल की ही हत्या कर दी। पहले इंदिरा जी की और उसके बाद संत लोंगोवाल की हत्या कर दी। लेकिन हमारी सरकार ने फिर भी वहां पर लोकतंत्र बहाल किया, वहा पर चुनाव कराये और वहा पर बरनाला की सरकार बनी। लेकिन जैसा कि अभी हमारे साथी ने कहा बरनाला जी की सरकार कुछ न कर पाई क्योंकि उनके कुछ मंत्री स्वयं आतंकवादियों के साथ मिले हुए थे, वे उसमें इन्वाल्व थे और वे आतंकवादियो को सीधे सीधे प्रश्रय और आश्रय दे रहे थे।

DR. G. VIJAYA MOHAN REDDY (Andhra Pradesh): Is the Home Minister clear?

SARDAR JAGJIT SINGH AURORA (Punjab): Is there adequate proof?

श्री पशुपति नाथ सुकुल : उनके रिश्तेदार पकड़े गये हैं, भाई-भतीजे पकड़े गये हैं। मेरे कहने का मतलब यह है कि इतना सब करने के बावजूद भी वहां पर आतंकवादी गतिविधियां रुकी नही, लोग मरते ही गये। बरनाला सरकार के कहने पर केन्द्रीय सरकार ने आल इंडिया सिख फेडरेशन के लोगों को जेलों से छोड़ा ताकि वहां की हालत सुधरे। लेकिन हालत नही सुधरी। वहां के मुख्य ग्रंथी को छोड़ा फिर जोधपुर के 40 बंदियों को छोड़ा और कल ही 6 बंदियों को और छोड़ा गया है। लेकिन इसके बावजूद वहां की हालत क्या है ? आज भी खबर है कि वहां पर लोग मारे गये है।

DR. G. VIJAYA MOHAN REDDY: These Sikhs are some others, not Jodhpur... (*Interruptions*)

श्री पशुपति नाथ सुकुल : यह आप बता सकते है। हो सकता है कि आपको मालूम हो। लेकिन जोधपुर के बाद क्या 6 और लोगों को छोड़ा गया या नही छोड़ा गया ? इन सबको छोड़ने से, बादल

[श्री पी. एन. सुकुल]

छोड़े गये, लेकिन आज तक बादल और टोहड़ा ने कंडम नहीं किया । बादल तो माडरेट माने जाते थे (व्यवधान) गोल्डन टेम्पल में भी नही जा सके । लेकिन उन्होंने कंडम भी नहीं किया क्योंकि वह सब या तो डरते हैं या उनको एक्सप्लायट करना चाहते हैं अपने पोलिटिकल एंड्ज के लिए । इसलिए वे कंडम नहीं करेंगे । मुख्य ग्रन्थी रोडे साहब का क्या कहना था । मैंने उनका बयान कुछ दिन पहले पढ़ा । उन्होंने कहा कि आतंकवादी बात करेंगे हम बात नही करेंगे और आतंकवादी बात करना नहीं चाहते क्योंकि आतंकवादियों को बाहर से पैसा मिल रहा है, ट्रेनिंग मिल रही है, हथियार मिल रहे है । इसलिए आतंकवादी बात नही करेंगे । राजीव गाधी ने बार-बार कहा हमारे वार्ता के द्वार खुले हुए हैं जो बात करना चाहे हम तैयार है लेकिन मुख्य ग्रन्थी उनके बिहाफ पर नही करेंगे, आतंकवादी बात नहीं करेंगे तो कौन बात करेगा ? आज अगर सरकार बादल से समझौता करे या बात करे तो क्या आतंकवादी उसे मानेंगे । बादल या तोहड़ा से बात करके समझौता हो जाए तो क्या आतंकवादी मान जाएंगे वह नहीं मानेंगे वह कतई नही मानेंगे क्योंकि जैसे मैंने पहले कहा है उनको बाहर से पैसा मिल रहा है उनको इंम्टीगेट किया जा रहा है बाहर से उनको समर्थन मिल रहा है, हथियार मिल रहे हैं तो क्या बादल तोहड़ा या बरनाला की बात मानेंगे ? वह नही मानेंगे किसी की बात और आप कहते हैं कि राजनीतिक समाधान होना चाहिये । देयर शुड बी ए पोलिटिकल सोल्यूशन पोलिटिकल सोल्यूशन नेगोसियेशन से ही होगा और नेगोसियेशन करने के लिए कोई जिम्मेदार पक्ष तैयार नहीं है और जिन लोगों की बात मानी नही जाएगी उनसे बात करने से फायदा क्या है ? सवाल सीधा-सीधा है । इसीलिए पंजाब की समस्या टेढ़ी समस्या बन गई है इसीलिए 59वां संविधान संशोधन पारित किया गया । यह इसलिए लाया गया कि हम को आतंकवाद को मिटाना है । (व्यवधान) सुशील मुनि बहुत अच्छा काम कर रहे हैं गांव-गांव घूम रहे है, भाई चारे की बात कर रहे है, समझा रहे है । आज वहां जरूरत है ऐसे ही मुनियों की और स्वयंसेवी संस्थाओं की जो गांव-गांव जा कर घूमें और भाई-चारा सिखाएं । बाबा आमटे गये । (व्यवधान)

SHRI DIPEN GHOSH (West Bengal): Mr. Sukul, do you know that Sushil Muni has opposed the Fifty-ninth Constitution Amendment Bill?

SHRI P. N. SUKUL: That is another thing.

बाबा आमटे गये, सुशील मुनि गये, तमाम ऐसे लोग और वालेंटरी एजेंसीज जो स्वयं जा कर यह काम करना चाहते, हैं कभी उनको डिसकरेज नही करना चाहिये आप उनको डिसकरेज करते है । यह लोग और बगैर किसी प्रोटेक्शन के जा रहे है खुद जा रहे हैं भाई चारा पैदा करने के लिए जा रहे हैं और आप यहा बैठ कर सदन में उनकी बुराई कर रहे है । जो रचनात्मक कार्य वह कर रहे हैं वह शायद आप नहीं चाहते कि उस में वे सफल हो, झगड़ा चलता रहे और आप भी सरकार को गाली देते रहें । अगर यही आपकी नीति है तो इससे न तो आप अपना भला कर रहे है और न देश का भला कर रहे है । अपना तो कर ही नहीं रहे हैं । जो मुख्य ग्रन्थी जसबीर सिंह रोड़े जी ने कहा कि सिख कौम अलग है । यह उनका बयान है । आज वह भूल गये थी गुरु गोविन्द सिंह जी तक जितने गुरु थे सब हिन्दू थे । गुरु गोबिन्द सिंह का नाम भी गोबिन्द राय था । उन्होंने ही सिख धर्म की शुरुआत की ।

SARDAR JAGJIT SINGH AURORA: Why do you discuss religion here? (*Interruptions*)

THE VICE-CHAIRMAN (DR. BAPU KALDATE): He is not talking about the religious teachings. He is just referring to a statement.

SHRI P. N. SUKUL: I am just referring to a statement. This is what the Mukhya Granthi said.

सरदार रछपाल सिंह और तमाम लोगों के बयान हमने पढ़े जिन्होंने कहा कि यह गलत है । But you have to discuss it threadbare.

SHRI V. GOPALSAMY (Tamil Nadu): It may be misunderstood.

श्री पशुपति नाथ सुकुल : तो यह कहना कि सिख कौम अलग है यह वही टू नेशन थ्योरी वाली चीज है जिसको लेकर हमारा पार्टीशन हुआ था । आज एक एनादर पार्टीशन की नींव डाली जा रही है कि जब तक खालिस्तान नहीं बनेगा तब तक आतंकवादी कार्यवाहियां चलती रहेंगी । जब देश की अखंडता पर खतरा हो तो कोई भी केन्द्र सरकार--चाहे कल आपकी सरकार हो--खामोश नहीं बैठ सकती है ।

SARDAR JAGJIT SINGH AURORA: Sir, I have a point of order because I feel very strongly about it. The point of order is that Sikh religion is different from Mohammedan religion or Hindu religion. Now that does not make it a two-nation theory. That is what I want to point out...

SHRI KALPNATH RAI: Sikh religion is a part of Hindu religion.

SARDAR JAGJIT SINGH AURORA: ... and this has been accepted in the Constitution itself that Sikh religion is separate from Hindu religion. And therefore let me say that to say that Sikh religion is separate from Hindu religion does not bring in the two-nation theory. That is what I want to point out.

श्री पशुपति नाथ सुकुल : मैंने धर्म का नाम ही नहीं लिया, मैंने कौम कहा है । उन्होंने कहा कि सिख कौम अलग है ।

SARDAR JAGJIT SINGH AURORA: You talk of two-nation theory.

श्री पशुपति नाथ सुकुल : जब आप कौम की बात करेंगे तो उसका क्या अर्थ है। आज खालिस्तान नाम का एक अलग राज्य चाहिए इसके क्या माने हैं । हर चीज जनरल साहब इंटरलिंक्ड है और जो समझना चाहते हैं वे समझने भी लगे हैं तो मैं कह रहा था कि जब आतंकवादी बात करने को तैयार नहीं है, आतंक बंद करने को तैयार नहीं है और किसी अन्य से बात करने पर मानने को तैयार नहीं है तो सरकार के पास सिर्फ इसके कि वह उनसे सख्ती से निपटे और कोई दूसरा रास्ता नहीं है इसलिए सरकार ने 59वां संविधान संशोधन विधेयक पास किया है । That is just an enabling provision. आज कहा जाता है कि लोकतंत्र नहीं चलेगा, चुनाव नहीं होंगे, फलाना नहीं होगा। सब होगा । आखिर दो साल का समय लिया है, अगर इससे पहले ही स्थिति ठीक हो जायेगी तो चुनाव हो जायेंगे... (व्यवधान) चुनाव कराये गये थे... (व्यवधान) उस समय फिर नहीं जाते... (व्यवधान)

श्री वीरेन्द्र वर्मा : बर्खास्त क्यों कर दिया ?

श्री पशुपति नाथ सुकुल : वे कर ही नहीं पा रहे थे । उनके लोग इन्वाल्व थे इसलिए यह किया गया ।

श्रीमान्, आतंकवादी कार्यवाहियों के चलते पंजाब का समुचित आर्थिक और औद्योगिक विकास संभव नहीं है । सरकार कोशिश कर रही है लेकिन जब तक ये आतंकवादी गतिविधियां रुकेंगी नहीं तब तक वह असुरक्षा का वातावरण व्याप्त है, खत्म नहीं होगा तब तक नये नये लोग न पूंजी लगाने को तैयार होंगे और न समुचित आर्थिक विकास हो सकता है । इसलिए सबसे पहली जरूरत इस बात की है कि आतंकवाद का सफाया किया जाये पंजाब की धरती से और भारत सरकार--यह खुशी का विषय है कि --कृतसंकल्प है कि हम आतंकवाद का सफाया करेंगे चाहे हमारे रास्ते में कितने ही रोड़े अटकाएं जायें । आज दूसरे देशों की कठपुतली बनकर हमारे कुछ लोगों ने--पंजाब के सारे लोग आतंकवादी नहीं लेकिन थोड़े से लोग हैं--उन्होंने देश की परिस्थिति विषम कर दी है । इसलिए भारत सरकार कटिबद्ध है और मैं समझता हूं कि जो यह इमरजेंसी लागू करने का अधिकार सरकार ने लिया है अगर इस हालत में इमरजेंसी लागू नहीं होगी तो कब लागू होगी । इमरजेंसी

[श्री पशुपतिनाथ सुकुल]

को जरूर लागू किया जाये और पूरी सख्ती के साथ इस आतंकवाद का दमन किया जाये, हिन्दुस्तान और पाकिस्तान की पूरी सीमा को सील किया जाये और अगर हमारी सेना लंका में जा सकती है वहां के तामिलों की रक्षा के लिए तो पंजाब में जो हिन्दू और सिख दोनों मारे जा रहे है निर्दोष लोग क्या उनकी रक्षा के लिए सेना नहीं भेजी जा सकती है । मैं कहता हूं कि पुलिस से काम नहीं चलता तो सेना को पंजाब सौंप दिया जाये, पूरी सीमा सील कर दी जाये और यह देखा जाये कि कैसे वह ठीक नहीं होता हैं, आतंकवादियों को निकलने न दिया जाये, भागने न दिया जाये । मामूली बात है कि अगर आप देश के टुकड़े करेंगे... (**व्यवधान**)

SHRI DIPEN GHOSH: Thank you, Mr. Sukul.

SHRI V. GOPALSAMY: Better to call back your army from Sri Lanka. They will strengthen your borders.

SHRI P. N. SUKUL: We are not short of army personnel.

आप बोलने दीजिए... (**व्यवधान**) हमारे पास आदमियों की कमी नहीं है । इसलिए नहीं कि जो वहां पर भेजे गये हैं इसलिए वहां पर काम नहीं चलेगा । लेकिन जैसा हमारे साथियों ने कहा, पंजाब के जो हमारे किसान है, वह बधाई के पात्र हैं कि इन विषम परिस्थितियों के बावजूद वह अपने औद्योगिक तथा कृषि के उत्पादन को बढ़ा रहे हैं । आज भी सब से ज्यादा चावल वह पैदा कर रहे हैं, गेहूं वह सब से ज्यादा पैदा कर रहे हैं और कपास भी सब से ज्यादा वह पैदा कर रहे हैं । तो पंजाब का जो किसान है, वह बधाई का पात्र है और हमारी सरकार को उसकी पूरी मदद करनी चाहिए ।

किसानों की भलाई के लिए जो हमारा केन्द्रीय बजट आया है, उसमें बहुत सी मदें हैं, बहुत सी चीजें हैं । मैं समझता हूं कि वह सारी सुविधायें पंजाब के किसानों को तो मिलेंगी ही, लेकिन अगर उनकी कोई विशेष आवश्यकता हो, तो उनके लिए विशेष भी किया जाना चाहिए । उनको पूरी मदद मिलनी चाहिए ।

अब न्यूक्लियर पावर स्टेशन की मांग की गई है — उस सदन में भी की गई है और इस सदन में भी की गई है । मैं समझता हूं कि यह पंजाब के उत्थान के लिए जरूरी है, क्योंकि पंजाब में कोयला नहीं होता है और बहुत दूर से लाना पड़ता है । तो इसलिए कि सर्फ वह बार्डर स्टेट है, वहां नहीं लगायेंगे, ऐसा नहीं होना चाहिए । न्यूक्लियर पावर प्लांट पंजाब में लगना चाहिए और जैसा कि अन्यत्र है, गैस-बेस्ड रसायनिक खाद के कारखाने भी पंजाब में लगने चाहिएं, यह दो चीजें तो कम से कम की ही जा सकती हैं । लेकिन जैसा मैंने कहा, यह सब होने के बावजूद यह मत समझिये कि एस० वाई० एल० के नाल अगर पूरी हो गई, तो आतंकवादी गतिविधियां रुक जायेंगी । अभी रेड्डी साहब एस० वाई० एल० केनाल की बात कर रहे थे । यह सब चीजें वहां के लोगों की भलाई के लिए हैं, लेकिन आतंकवाद...

उपसभाध्यक्ष (डा० बापू कालदाते) : सुकुल जी एक मिनट रुकिये । अगर सदन की इजाजत हो, तो मैं श्री गुलाम रसूल मट्टू जी को यह अनुरोध कर रहा हूं कि वह इस आसन पर आएं ।

[**उपसभाध्यक्ष (श्री गुलाम रसूल मट्टू**) पीठासीन हुए]

श्री पशुपति नाथ सुकुल : तो मैं अपना भाषण यही कह कर समाप्त करूंगा कि सब से बड़ी प्राथमिकता, सब से बड़ी प्रायरटी आतंकवाद को समाप्त करने की है, टेरोरिज्म को समाप्त करने की है और इस दिशा में जब तक टरोरिस्ट या उनके नेता बात करने को तैयार नहीं होते है, तब तक पूरी सख्ती के साथ उनका मुकाबला किया जाए । जरूरत पड़े तो पंजाब को सेना को सौंप दिया जाए, सीमायें सील कर दी जाएं ।

इन्हीं शब्दों के साथ मैं दोनों बिल का समर्थन करता हूं ।

डा० बापू कालदाते (महाराष्ट्र) : उपसभापति जी, मैं अपने बुजुर्ग मित्र श्री हंसपाल जी की कई बातों से सहमत हूं और मैं अगर दृष्टता के साथ कहूं, तो जो पंजाब के लोग हैं, वह अपनी समस्याओं को जितने अच्छे ढंग से देखते हैं या समझते हैं, उतना शायद हम बाहर रहने वाले लोग नहीं देखते हैं ।

उपसभाध्यक्ष जी, अगर आप श्री सुकुल जी और श्री हंसपाल जी का भाषण इकट्ठा कर के देखें, तो भी हम लोगों को इस बात का पता लगेगा कि कभी भी हंसपाल जी ने 59वें संशोधन के बारे में एक शब्द नहीं कहा है ।

श्री कल्पनाथ राय : आपकी क्या राय है ?

डा० बापू कालदाते : मैं कहूंगा, मेरी बात तो आप जरूर, कल्पनाथ राय जी, सुनेंगे, आप चिंता मत करिएगा, क्योंकि वह स्वयं जानते हैं कि सवाल बहुत पेचीदा है, और इन पेचीदा सवालों के लिए जो उसके उत्तर होते हैं,— there is no penacea for the complicated problem.

इसके लिए मैं कई बातों में उनके साथ हूं । हम भारतवासी लोग इस पर बड़े खुश हैं कि कहीं हिन्दुस्तान में एक ही जगह मैंने पंजाब देखी है जहां इतने प्रोवोकेशंस इतनी उत्तेजना, के बाद हिन्दू और सिखों के बीच जो सौहार्दता है, जो सौहार्द है, जो स्नेह है, उनका स्नेह और सौहार्द हम लोगों के लिए सिर्फ खुशी की नहीं, लेकिन देश की एकता की एक नई प्रेरणा के रूप में हम इसको देखते हैं, ऐसा मैं स्वयं मानता हूं । हम देखते हैं देश में कई बार कि कहीं एक-आध मिसाल हो जाती है साईकल वाला दूसरे मजहब का हो और वगैर साईकल वाला दूसरा हो और उसका झगड़ा हिन्दू-मुसलमानों का फसाद हो जाता है । इतने दिनों से लगातार यह समस्या चली है । मैं तो यह कहूंगा कि सरकार की नीति के कारण आज देश में जो भावना पैदा हो रही है । मैंने श्रीमान् शिवसेना के प्रमुख बालठाकरे के मुख से जो सुना उसका सारा दोष इसी सरकार पर है । सरकार ने कभी जोर से नहीं कहा, कभी यह नहीं कहा कि वहां आतंकवादियों के जो आप बड़े-बड़े रूप से लोगों के सामने पेश करने का प्रयास किया है इसका एक प्रमाण यह हो गया, आप भी सामाजिक कार्यकर्ता है और हम भी सामाजिक कार्यकर्ता हैं, हम जब पंजाब से बाहर कहीं जाते हैं तो लोगों के मन में यह गलत धारणा पैदा हो गई है कि सारे वहां के लोग तो ऐसे ही हैं । इसका एक सब से बड़ा कारण सरकार की नीतियां हैं । सरकार को जिस बात के ऊपर जोर देना चाहिए सोहार्दता के ऊपर पंजाब के लोगों की उदारता के ऊपर, समझदारी के ऊपर, बजाए इस पर जोर देने के आतंकवाद-आतंकवाद-आतंकवाद कहना शुरू कर दिया जो शायद लोगों को मालूम नहीं है कि वह पहुंचाने का काम यह सरकार लोगों के पास करवा रही है । क्यों किसानों ने उत्पादन किया है, क्यों पंजाब में आपके हंसपाल जी ने कहा कि इतनी बड़ी गंभीर अकाल की स्थिति में भी उत्पादन ठीक रहा, उनकी उदारता और समझदारी का यह फल है, ऐसा मैं मानता हूं । खेत में काम करने वाला किसान यह जानता है कि हमारी समस्यायें धार्मिक समस्यायें है, हमारी समस्यायें आर्थिक समस्यायें हैं और गरीबी न सिख, न मुसलमान, न हिन्दू मजहबी तौर पर फर्क करती है, गरीबी अगर लपेट में लेती है तो सभी को लेती है, समाधान दे सकती है तो सभी के लिए दे सकती है । एक नई मिसाल के रूप में पंजाब को देश के सामने लाना चाहिए । एक नई मिसाल देश की एकता की, एक नई मिसाल बहुविध समाज में एक नई एकता की एक नई मिसाल विभिन्नता में एकता ढूंढने की, इतना ही नहीं विसंगति में शांतता रखने की एक नई मिसाल पंजाब के रूप से इस देश में देखता हूं और इसके लिये मुझे इस बात का बहुत दुख है, उपसभाध्यक्ष जी, कि यह सरकार इस बात को समाज के सामने लाने की बजाय इस ढंग की नीतिया, इस ढंग के कारोबार चलाने का प्रयास कर रही है कि जैसा कि अब वहां इमर्जेंसी का आपने कहा कि यह तो इजाजत ले रहे है यह तो अभी लागू होने की बात है, मैं आपको साफ कहता हूं कि जो डिटरमाइन्ड कनविक्शन वाली माइनारिटी होती है वह बंदूकों से दबाई नही जा सकती है, न दुनिया में कभी दबी है, मै उनकी किसी के

[डा० बाय् कालदाते]

साथ तुलना करना अच्छा नहीं मानता क्योंकि यह ठीक नही होगा, मैं इस बात को मानता हूं कि क्योंकि हम गांधी जी के रास्ते पर चलने वाले लोग किसी भी ढंग की हिंसा की मुखालफत करने वाले लोग हैं और खास कर इतने बड़े विविधता पूर्ण देश में हिंसा से न आतंकवादियों की गोली से, न सरकार की स्टेनगन से पंजाब समस्या का हल होगा इस बात को हम मानते हैं। इसके लिये क्या उपाय निकालें कि जिससे उनकी गोलियां बंद हों और हमारी स्टेनगन चलाने के बजाए जैसा हंसराज जी ने कहा बहुत अच्छा कहा कि हम कहीं आतंकवाद पर फंस जाने की बजाए ट्रैक्टर पर बैठे खेती उगायें एक नया हरा-भरा पंजाब जो आज भी है, और जो पंजाब में शक्ति है वह सारी शक्ति रचनात्मक काम में लगे बजाए कि वह हिंसात्मक काम में जाए, इस दृष्टि से हम लोगों को देखना चाहिये। मेरी बहुत शिकायत हैं मैं आप को कहता हूं कि जिस ढंग से सरकार ने देश में इस बात को सुलझाने का प्रयास किया है इससे सबसे बुरा हाल अगर कुछ हुआ तो इस देश में फिरकापरस्ती और मजहबी जहर ज्यादा तौर पर फैलाने का पाप इस सरकार ने किया है, यह मेरा इनके ऊपर आरोप है। अगर यह समझदारी से काम लेते तो शायद यह बात नही होती, ऐसा मैं मानता हूं। मैं 2—3 बातों की तरफ और ध्यान देने की आवश्यकता मानता हूं। मैं यह मानता हूं कि बहुत कानून हुये बहुत समस्यायें सुलझाने के प्रयास हुये और हर समय जब आप नया कानून लेकर आए उस समय यही हमको कहते रहे कि आतंकवाद से निपटने के लिये हमारे हाथ में यह हथियार दिया जाए, भाई कितने हथियार दें, इतने हथियार हम दे चुके हैं कि शायद आपके पास उन हथियारों को संभालने की शक्ति नहीं रही है। यह सबसे बुरी हालत है कि हथियारों के पीछे हथियार मांगते रहें, हथियारों के पीछे हथियार देते रहें और हथियार देने के बाद भी परिस्थिति वैसी की वैसी रहे। इसके लिये एक और हथियार, जो नाकाबिल, जो लायक नहीं हैं, उसको चलाने को सिर्फ हथियार देने से काम नहीं चलता। दो दृष्टि से इसको सुलझाना चाहिये, हमारी पहले से नीति रही है, हम यह कहते हैं कि जो इतना विविधतापूर्ण देश है, इस देश में उदारता और समझदारी के अलावा दूसरा कोई रास्ता नहीं है समस्याओं को सुलझाने का। इसका मतलब यह नहीं है कि गलत तत्व नहीं होते, गलत तत्व सभी जगहों पर, सभी राज्यों में होते हैं, सभी मजहबों में होते हैं, सभी जातियों में होते हैं। सवाल यह है कि गलत को और अलग करना है तो गलत को बढ़ावा देकर नहीं, भलाई को, अच्छाई को बढ़ावा देकर ही अलग किया जा सकता है।

वित्त मंत्री जी शायद यह सोचते हैं कि भाई, मैंने जो-जो पैसे दिये हैं, उसके बारे में तो कोई बात ही नहीं कर रहा है। यही होगा। और यह स्वाभाविक भी है। यह स्वाभाविक इसलिये है कि जो चर्चा पंजाब के लोग वहां पर बैठ कर करते, हम जैसे लोग, जिनको सारी समस्यायें मालूम नहीं हैं, जो मालूम हैं, वह कर रहे हैं कि वहां की परिस्थिति खराब है। अगर उन्हीं लोगों के हित में यह अंदाज या वित्त-विवेचक जाना चाहिये तो पहली बात यह हो जाती है कि वहां की परिस्थिति को ठीक ढंग से सुधारना चाहिये और जो प्रक्रिया बंद हो गई है पंजाब में, वह कितनी जल्दी हो सके, तुरन्त शुरू कराई जाय। इसमें जो हमको यहां नाहक एक आपत्ति के रूप में यह काम करना पड़ रहा है, वह काम बड़े प्यार से, बड़ी शक्ति से वहां के जनप्रतिनिधि पंजाब में बैठ कर करें। तभी इन प्रश्नों की तरफ ज्यादा से ज्यादा ध्यान जाएगा। अब मैं पूछता हूं कि कौन पूछता है लोंगोवाल एकार्ड को। मैंने कभी नहीं देखा, भूल गये हैं लोग। इसका मतलब यह नही है कि इसकी कोई जरूरत नहीं है, ऐसा नहीं है। लेकिन जिस ढंग से घटनायें चलती रहीं, उनके चलते कोई हमसे यह सवाल नहीं पूछता कि चंडीगढ़ कहां है? यह सवाल हरियाणा के लोग जोर से कहते हैं, जो उनके लिये आवश्यक है, एस०वाई० एल० केनाल का, लेकिन कोई वहां नहीं पूछता, फाजिल्का-अबोहर को कोई नहीं पूछ रहा है और यह स्वाभाविक है। जब तक मन अशांत रहेगा, जब तक परिस्थिति दुरस्त नहीं होगी, तब तक विकास की प्रक्रिया को दोहराने से लोगों के दिलों को आप तसल्ली नहीं दे सकते। इसका मतलब यह नहीं कि पंजाब के लिये जो

प्रयास हम लोगों को करना है, इन प्रयासों को बंद किया जाय, प्रयास जारी रहने चाहिएं।

मैं तो मजाक में यह बात कहता हूं कि अगर इस देश को आजादी नहीं मिलती, आप समझ लीजिये तो क्या होता ? क्या इस देश में रास्ते नही बनते ? क्या होता, इस देश में रेलवे की लाइनें नहीं बिछाई जातीं ? क्या होता, इस देश में पोस्ट आफिस नहीं खोले जाते ? क्या इस देश मे बांध नही बांधे जाते ? बांधे जाते, लेकिन हमको राज नही चाहिये था क्योंकि हमको चाहिये था कि हम खुद को महसूस करे कि हम स्वतन्त्र भारत के मुक्त नागरिक हैं। ऐसे भावनात्मक कारण से जब पैदा हो गये, हमने खुद पोस्ट आफिस जला दिये, हमने खुद सरकार की रेले गिरा दी क्योंकि यह भावनात्मक प्रक्रिया है। वहां का आदमी यह महसूस करता है, आम तौर पर यह बात सही है, यह बात बार-बार कहते है, सब लोग कहते हैं कि वहां आतकवाद है, खालिस्तान की भूमिका को मानने वाले एक--दो परसेंट या तीन परसेंट लोग होंगे, लेकिन 97 फीसदी लोग ऐसे है जो इस भारत देश के साथ जुड़े हुये है भावनात्मक रूप से, उनकी परंपरा भी बहुत बड़ी है। आप दो परसेंट की बात कर रहे है, मैंने कहा भी कि भाई, 59वां कन्स्टीट्यूशनल अमेंडमेंट, यह तो बीमारी से इलाज ज्यादा खतरनाक बनाने का प्रयास आप लोग कर रहे हैं क्योंकि बीमारी छोटी है और इलाज इतना बड़ा, दो परसेंट आतकवादी और यह इमरजेंसी का कानून। इमरजेंसी के कानून का हम लोग इसलिये विरोध करते हैं कि इमरजेंसी का कानून अगर आप लागू करे तो आप ठोक कर खालिस्तान को मान्यता देते है, ऐसा मैं इसका मतलब मानता हूं... You are already alienating Punjab from other parts of India. There you are sitting as a group who wants to destroy the country. Whatever I have said, you have always said about us also, but we do not mind.

SHRI KALPNATH RAI: What is the solution?

DR. BAPU KALDATE: The solution is very simple. The solution is *samajhdari*.

समझदारी, जो आपके पास बहुत कम है, यही सोल्यूशन है। सोल्यूशन इज समझदारी, सोल्यूशन इज उदारता, तीसरा कोई सोल्यूशन नही है। लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि हिंसा कोई करे या उतारू हो जाय तो उसको छूट दी जाय। मैं इस राय का नहीं हूं, मैं तो हिंसा को बिल्कुल नापसन्द करता हूं।

4.00 P.M.

मगर परिवर्तन की प्रक्रिया शांतिमय हो अगर यह सोल्यूशन निकालना है और वह कुछ भावनात्मक बाते करनी है तो तुरंत कर दीजिए। हम बहुत सालों से दोहराते आ रहे हैं और मैं दोहराना जरूरी मानता हूं. लेकिन हम कितनी बार दोहराएं क्योंकि हम दोहराएं और ये भूलते जाएं। उपसभाध्यक्ष महोदय, हम को कहने की आदत पड़ गयी है और इनको अनसुनी करने की आदत पड़ गयी है। यह बहुत गड़बड़ी हो रही है। हम कहते रहते हैं उपसभाध्यक्ष महोदय कि यह जो बंदी है जो अंडर ट्रायल्स है, जिन पर कोई कार्यवाही नहीं चल रही है उनको छोड़ दो। हम को भी इमरजेंसी में दो-ढाई साल रहना पड़ा, हम डेमोक्रेटिक सिस्टम में, फ्री सोसायटी को मानते है, उसमें रह रहे हैं इसके लिए इमरजेंसी की जरूरत है, इस बात को मैं नहीं मानता हूं इमरजेंसी में सब से ज्यादा हमारे लोग जेल में रहे होंगे। लेकिन काहे के लिए आप उनको जेल में रोक रहे है। काहे के लिए आप उनके मन में यह भावना जगा रहे हैं। जिसका एक भाई वहां रह रहा होगा। वह एक भाई एक घर में नही जाता। उसके जो रिश्तेदार हैं उनके मन में असतोष फैल जाता है। उपसभाध्यक्ष महोदय हम को याद है जब हम इमरजेंसी में छूटकर आए तो हम को लगता था कि हम को वोट कौन देगा। हमारा सारा दफ्तर तो बंद था दो-ढाई साल से, लेकिन हम ने देखा कि लोगों के मन में भी रोष था। रोष भी कंटिग्युअस प्रोसेस होता है जो एक दूसरे में संचालित कर सकते हैं। एक दूसरे के साथ वह जुड़ी होती है वैसे ही गुस्सा परावर्तित होता है। The anger is also contiguous

[डा० बापू कालदाते]

परावर्तित गुस्सा एक बहुत उग्र रूप से ज्वालामुखी की तरह हो जाता है। हम चाहते है कि प्रयास की दिशा वह होगी कि हम 59वां संविधान संशोधन लागू न करें। प्रयास की दिशा में आप लोगों से बातचीत करें। हमें आपके साथ बात के लिए कब नहीं आए। लेकिन आपने तो यह तय कर लिया कि आप जब हमारी जरूरत हो तब बुला लिया और कहा कि अमृतसर में मीटिंग करो। 59वां एमेंडमेंट लागू करना है, लेकिन बात करने की कोई जरूरत नहीं है। जब आप चाहें बात करने के लिए बुला लें और न चाहें तो न बुलाएं। तब हम इसे नहीं मानेंगे। आपके कहने पर हम आपसे बात करने के लिए आएं, यह नहीं चलेगा क्योंकि हमने यह धोखा खाया है कि जब आपको जरूरत होती है तब आप बुला लेते हैं और जब आपको जरूरत नहीं होती है तो आप हम को अलग फेंक देते हैं। It must be a dialogue between equals. We may be few in number. But as participants of this country, we are equal to everybody and we treat you as equal. Don't try to think that we are something like number two or number three in this country.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI GHULAM RASOOL MATTO): Dr. Sahib, now try to conclude.

DR. BAPU KALDATE: उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं यह चाहता हूं कि हम और आप एक स्तर पर बैठें और उनकी तरफ उदारता और समझदारी से देखें। हम और आप उनके ऊपर दबाव डालने के बजाय हमारा प्रयास इस दिशा में हो, इस पर हम जोर दें तो मैं समझता हूं कि जो सवाल आज बना हुआ है और शायद बहुत बिगड़ा हुआ है लेकिन इस में से कुछ-न-कुछ रास्ता निकल आने का काम हो जाएगा।

उप सभाध्यक्ष महोदय, वित्त मंत्री जी के ऊपर वह जो विपत्ति आई है इस साल कि यहीं बजट पेश करना पड़ रहा है, मैं मानता हूं कि वह विपत्ति उनकी दूर हो जाय और अगले साल का फुल-फ्लेज्ड बजट पंजाब की विधान सभा में पास हो। ऐसी स्थिति में हम पहुंच जाएं, यही मेरी भावना है।

उपसभाध्यक्ष महोदय, यहां बजट पेश करना मुझे पसंद नहीं इसलिए मैं इस बजट का विरोध करता हूं।

SHRI PAWAN KUMAR BANSAL (Punjab): Mr. Vice-Chairman, Sir, it is with some mixed feeling of consternation and also some satisfaction that I rise to speak on the Punjab Budget, the Punjab Appropriation (Vite on Account) Bill, 1988, and the Punjab Appropriation Bill, 1988.

As I have said on quite a few occasions in the past, it saddened us to find that the normal functions of the State Legislature have to be performed by the Parliament here. In a bold bid to bring normalcy to the State of Punjab, the earlier spell of President's rule was cast off and elections to the State Assembly held in September, 1985. However, the dismal failure of the Akali Dal to prove equal to the task entrusted to it by the peace-loving people of Punjab, the internecine war emanating from the lust for power and leading to a vertical split in the Akali Dal, the open defiance of the Chief Minister by some of his colleagues completely paralysing the Government, the abdication of their duties by the two Akali factions, the failure of the two factions to try to come to grips with the situation and form a Government there....

SHRI KALPNATH RAI: Which are the two factions?

SHRI PAWAN KUMAR BANSAL: The two factions are well known and the usurpation of governmental functions by the terrorists were those malignant wounds which were inflicted on the body of the Punjab during a short period of one-and-a-half years following the assumption

of office by the Akali Government headed by Shri Surjit Singh Barnala.

Sir, in those appalling circumstances, the Centre was left with no alternative but to exercise its constitutional obligation under Article 355 to protect every State against internal disturbance, and unavoidably Proclamation under Article 352 had to be issued once again and the State put under President's rule. With the escalation in terrorist violence during the first two months of this year and the abject failure of the Akali factions to rise to the occasion and demonstrate their preparedness to face the challenge, the State Assembly had to be dissolved.

Sir, it is in this situation that we deliberate on the Punjab Budget here today. It also saddened me to hear some of the Opposition Members making various allegations ad nauseam and caring very little to see as to what is the position of Punjab as far as the economy of the State is concerned. We had a number of occasions when Punjab was discussed here in one form or the other. Quite understandably I would expect that in order to discharge their role, that in their overenthusiasm to accuse the Government, the Opposition leaders would blame the Government for the ills that are afflicting the State of Punjab. But today we have an opportunity to discuss matters concerning the socio-economic conditions of Punjab. As one of the hon. Members said from the other side, it is quite imperative to see that the State of Punjab continues to maintain its momentum, its pace of progress and again its economy is put on the rails and it marches proudly as an inalienable part of this great country. But little have they done to ponder over the various demands which the State of Punjab has been raising from time to time, because they are really not concerned about that. Even an occasion as this, they want to snatch, for the purpose of mudslinging only. I said it once earlier, Sir, and I would like to repeat it that some of our hon. friends on the other side, I admit, have great intellectual power. But, I am also of the opinion that their opinion of themselves is greater and sometimes that tends to overtake the former. That is our misfortune.

Sir, my feeling of consternation somewhat subsides when we find that the Centre, appreciative of the Punjab's problems, Punjab's difficulties, has formulated a balanced Budget and the people of the State have been spared of any new taxes. The Central assistance that has been promised to the State is Rs. 41.5 crores. Thereafter, to cover the gap in their resources a sum of Rs. 650 crores would be given during the year 1988-89.

The prospects on the economic front, in spite of the turmoil that the State of Punjab has passed through, do show a ray of hope, which may ultimately dispel darkness from every mind and contribute in bringing peace to the State. Very rightly, out of a total Plan outlay of Rs. 700 crores, the outlay earmarked for energy is Rs. 383.51 crores. Power generation is a veritable barometer of the state of any economy. In Punjab, the increased power generation and efficient functioning of the power supply system has provided the necessary support to its hard working farmers to replenish the national food kitty, even during the period of the worst drought of the century. As the demand or power from agricultural and industrial sectors is constantly increasing, the Punjab State Electricity Board, bracing itself to face the challenge, has shown spectacular results in completing some of the projects in record time, even ahead of schedule. However, there is still a dire need to add at least 1,500 megawatt capacity during the Eighth Plan period. This is absolutely essential to keep the power deficit within

[Shri Pawan Kumar Bansal]

manageable limits. The work has to begin right now. And for the timely completion of the various on-going projects and to take up in hand various new proposed projects there is a compelling need of a special Central assistance of Rs. 330 crores on this account. I would urge the hon. Minister of State for Finance to view this demand of the State Government in the right perspective and make the assistance available during the Seventh Plan period itself. We do hope that the Centre would provide this assistance to help Punjab so that Punjab is in a position to help the country.

Punjab also has a very strong case for setting up—as the hon. Members have earlier referred to and which I reiterate again—a gas-based thermal power plant and a nuclear power plant because after the completion of the Ranjit Singh Sagar Dam, Punjab would virtually be left with no hydro resources untapped.

In reply to one of my questions it has been stated today that quite a few of Punjab's projects have been cleared. I would take this opportunity to thank the Government for that, but the point that I want to make is that to meet the ever-increasing demand for energy, we must plan in advance. The State of Punjab has done that and the only thing required is the clearance of the projects and the necessary assistance for that. I do fervently hope that these demands of the Punjab Government would be acceded to without any delay.

Sir, as you know, Punjab is primarily an agricultural State but the shrinkage in land holdings and absorption of manpower in agriculture having reached the saturation point, it has become imperative to enlarge the industrial base in the State. The capacity of Punjab to contribute significantly even in industrial production is already manifest from the performance of hosiery, bicycle, machine tools, sewing machines, sports and leather goods units and various other projects and factories in the State.

During the current year about 10,000 new small and village industrial units providing employment to over 28,000 persons have already been set up. This momentum has to be further accelerated and a greater emphasis has to be laid on the growth of medium and large-scale industries, with greater employment potential. The Centre as in the past provided support, but as I have said in case of power generation, so in case of industry and various other fields, the need is much greater and cases pending with the Government of India for the issue of industrial licences, letters of intent and registration, etc., should be cleared at the earliest.

The State's plea for a petro-chemical complex is a very genuine one and should be accepted immediately. This will give the necessary boost and provide support to the ancillary units in small sector as would the Electronics Switching Systems Project.

Sir, an outstanding demand of the State is regarding the declaration of whole of the State as industrially backward, eligible for incentives available to category 'A' districts, because out of a total 118 blocks, 66 blocks in the State are actually no-industry blocks. Therefore, the other criteria applicable elsewhere would not strictly apply to Punjab if we have not to see that Punjab prospers on the industrial front as well. This benefit should be accorded at least for a period of five years to attract industrial houses to the State.

The Ministry of Industry has recommended three new projects of the State Government for assistance under the UNDP programme. I take this opportunity to once again plead

with the Government of India to accept these and assist the State Government to keep pace with the changing trends in modernisation and upgradation of technology and to help the small-scale sector which is the main-stay of the State's industrial economy.

Sir, Punjab besides being a strategic border State has another locational disadvantage. Being for away from the country's mines, it is virtually starved of raw-materials. The need of steam coal today is 50,000 wagons per year, whereas the ceiling fixed for 1985 was 34500 wagons.. (*Time bell rings*).

Mr. Vice-Chairman, Sir, I will request you to give a few minutes to me. And the actual quantity reaching the State is only 15300 wagons. Equally disturbing is the scenario of hard coke and pig iron availability. The need is to reassess the requirements and make fresh allocation. In any case, the Centre should intervene to ensure that the supply is made at least according to the allocations already made.

Sir, many misgivings have often been expressed about the State's proposal of a large scale food and beverages project of Punjab Agro-Industries Corporation with Pepsico. At this moment and keeping in view the fact that have been reminded of the time, I would only like to say that the project is of immense importance to the Punjab farmer and would also earn substantial foreign exchange for the country. It does need to be expedited. The State has responded well to the nation's needs of oilseeds and in reciprocation the farmers deserve better incentives and support price and other facilities to encourage them to grow more oilseeds. Akin to the question of oilseeds is that of vanaspati. The State Marketing Federation has applied for an additional 100 metric tonnes per day capacity plant but no action has been taken thereon. On the other hand, the license granted to the Hindustan Vegetable Oil Corporation which is a Government of India undertaking is lying unutilised. If this were to be granted to the MARKFED, it would be able to cut down the cost of production by generation of required steam and power from husk which is available from its own rice mills.

Sir, a very crucial problem facing the country today is that of population explosion and all our progress is being offset by then steep rise in our numbers. In consonance with the National Policy on population, Punjab has made a definite progress under the family planning programme and has topped the country in this respect ever since the year 1982. We are also poised to achieve health for all by the year 2000 A.D. the date which has been fixed for this purpose by the Government of India. The Budget does make an increased allocation for medical services, family welfare public health, sanitation and water supply but still greater funds are required for the latest equipments in the medical colleges and for the development of super-specialities there.

The performance of Punjab in the field of education has been quite impressive. But I would still urge the Government of India to open Navodaya Vidyalayas in all the districts of the State at the earliest.

Sir, the disturbed conditions prevailing in Punjab for over a period of five years have concomitantly had an adverse impact on the State's economy, yet the people braving all the difficulties have endeavoured to keep the agricultural production rising and the wheel of industry moving. The people acknowledge gratefully the interest evinced by the Prime Minister, Shri Rajiv Gandhi, to help the State in every manner. A bonus of Rs. 17/- per quintal for wheat and other assistances in cash and kind to the marginal farmers and landless rural labour hit hard during the drought came as great reliefs. It was at the Prime Minister's initiative that the Integral Coach Factory and the Diesel

[Shri Pawan Kumar Bansal]

Component Factory were set up in our State. And it was again because of the Prime Minister's interest that the work on the Thein Dam has been expedited. Sir, besides these, three are various other projects of vital importance to the State's economy which are pending at one or the other stage with the Government of India and I do hope that action on would be taken at the earliest to clear them so that Punjab is enabled to overcome some of its difficulties and to create an environment where terrorism has no place. The Punjab problem is a national challenge and there is unassailable evidence to show that hostile foreign powers are actively abetting and assisting terrorism and fissiparous tendencies in Punjab. Obviously much of the resources have to be diverted towards maintenance of the extra para-military forces in the State.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI GHULAM RASOOL MATTO): Mr. Bansal, try to conclude.

SHRI PAWAN KUMAR BANSAL: I was in fact told that I could take some time. (*Interruptions*). As I said earlier, we do not have many opportunities to discuss matters concerning the economy of the State.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI GHULAM RASOOL MATTO): There are two more speakers. (*Interruptions*)

SARDAR JAGJIT SINGH AURORA: He should leave something for me also. (*Interruptions*)

SHRI PAWAN KUMAR BANSAL: As I said, the keeping of extra forces in the State has cast a very heavy burden on the State's finances. And I once again repeat our just demand that the Centre should bear all the expenses, all the expenditure on police and other para-military forces in the State. At the time of a war, irrespective of the fact as to in which part of the country the war takes place in, it is the Government of India, it is the country, which bears the expenses and when we acknowledge the appalling situation in the State sustained by external interests, there is no reason to adopt a different attitude and burden the State with the expenditure incurred on that account.

Sir, it is with a sense of distress and anguish that I refer to the miserable plight of the poor migrants from Punjab who had had to flee the State in the wake of terrorist violence there and seek refuge in Delhi. On occasions, we have treated millions of foreign refugees with compassion. But I am sorry to say that here in Delhi some responsibe officers of the Delhi Administration have treated the refugees from Punjab with contempt. You just have to visit any of the relief camps to see the miserable plight of the people there. On flimsy grounds, divorced from the reality in Punjab, the payment of subsistence allowance to these halpless people is being discontinued in more and more cases and the Administration is totally callous towards the basic human needs in these relief camps notwithstanding its proclamations to the contrary. The Punjab Government has undertaken to provide satisfactory assistance to those who are willing to return to Punjab and has offered them place of residence in the district headquarters. However, the cut-off date fixed, viz. 11th May 1987, that is the date when President's rule was promulgated in the State, has now lost all relevance in view of the violence continuing to stalk the State. This date should be suitably extended to cover all people who have fled the State till date and during the interregnum assistance should be provided to them to live like human beings. Maybe, the Delhi Administration does not want to help the people from Punjab. I would, therefore, definitely urge that it should be Central Government or the Punjab Government who should take upon themselves the task of helping those unfortunate people who have had to flee from Punjab for the time being and seek shelter elsewhere.

To conclude, I would not really like to refer to the points which some honourable Members from the Opposition side

have made, but it did sadden me to find that a concerted effort was being made to mislead the people about the recent amendment made to the Constitution, about the *bona fides* of the Central Government to solve the Punjab problem and about the anxiety of the Congress to seek an ever lasting solution to the problem that the State of Punjab faces. I say so because one of the honourable Members said that by introducing the recent amendment we are trying to isolate Punjab from the rest of the country. This is nothing but a travesty of facts. It is the commitment of the Government of India to see that Punjab enjoys the pride of place in the country, that Punjab progresses and prospers as ever. Various steps were taken in the past and one of those was the Rajiv-Longowal Accord to which a reference was again made and I would not like to go into the details of that. But it is indeed painful to hear the honourable Members hurling all sorts accusations against the Central Government. They themselves are guilty of various unholy alliances of having members in their ranks who have the audacity to give a call for boycott of important national functions, national festivals, of which we have to be proud. But here they have the temerity to accuse the Central Government of fanning communalism in the country. They accuse the Government of having backed out of the Rajiv-Longowal Accord little realising that the basic stipulation in the Accord was that thereafter there would be an era of peace and amity ushered in the State. And they know very well that whenever there was a call by the Central Government to hold joint rallies in the State and there was a sincere pleading by us to all our honourable friends from the other side to come out with us and go to the people to isolate the terrorists, they used the opportunity not to bring peace to the State, not to sit across the table to discuss matters and find solutions to the problems but to apportion blame. With their jaundiced view, with their afflicted mental faculties, they continue to do the same. And that is our tragedy. I do earnestly hope that there would be a change of heart and there would be some sort of introspection on the part of the nonourable Members on the other side so that we do sit together and analyse the situation and find a solution to it and the cleared of all those elements who want to break up the country and instead all the peace loving people, all the patriotic people, of whom there is no dearth in Punjab, are given encouragement to see that Punjab remains as ever a strong and inalienable part of India. Thank you, Sir.

श्री वीरेन्द्र वर्मा : उपसभाध्यक्ष महोदय, आजादी की लड़ाई में, आजादी की रक्षा के लिए सीमाओं पर, खेत के मैदान, और कुश्ती आदि में भी पंजाब ने हिंदुस्तान का नाम ऊंचा किया है और आज भी कर रहा है । जिन देशों में भी मैं गया और हिंदुस्तान में भी एक भी सिख मुझे नजर नहीं आया जो बेकार हो बेरोजगार हो या भीख मांगता हो । मैं सिख कौम पर फक्र करता हूं । लेकिन आज

[उपसभाध्यक्ष (डा० बापू कालदाते) पीठासीन हुए]

जो पंजाब में हो रहा है इसका मुझे भारी दुख है । देशवासियों को इसका दुख है । रोजाना दर्जनों आदमी, औरत, मर्द, बच्चों का कत्ले-आम । कोई भी प्रशंसा, कोई भी अच्छा नहीं बतला सकता । ऐसा रोज वहां पर हो रहा है । धर्म के नाम पर कोई कहता है लेकिन पंजाब के उस गांव का मैं नाम भूल गया जहां आतंकवादियों ने कहा कि अलग अलग हो जाइए लेकिन गांव के आदमियों ने ऐलानिया कहा कि हम एक हैं, एक रहेंगे और एक मरेंगे । आतंकवादी दुर्भावना से काम कर रहे हैं । मान्यवर, 8-9 वर्ष से पंजाब में अशांति है, दुर्व्यवस्था है, कत्लेआम है । मेरा ऐसा मानना है कि अगर प्रारम्भ में ही शांति और व्यवस्था को कायम कर लिया जाता, इसको रोक दिया जाता तो ब्लू स्टार की आवश्यकता नहीं पड़ती । लेकिन राजनतिक लाभ उठाने की खातिर परिस्थितियां बिगड़ती चली गयी और उनको बिगड़ने दिया गया और आखिर ब्लू स्टार तक मामला पहुंचा और उसका नतीजा देश की प्रधान मंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी जी की हत्या । कहां गया था गुप्तचर विभाग उस समय ? हिंदुस्तान के प्रधान मंत्री की हत्या हो जाये तो इस देश का गुप्तचर विभाग क्या कर रहा था । उसके पश्चात् तत्काल

[श्री वीरेन्द्र वर्मा]

उसकी प्रतिक्रिया में देहली में, जबलपुर में, कानपुर में, मेरठ में और अनेक स्थानों पर निहत्थे, निर्दोष बेगुनाह बच्चों, जवानों, बूढ़ों और आदमियों को जला दिया गया, मार दिया गया, लूट लिया गया । कमीशन भी बैठाये गए यहां और उनकी रिपोर्ट भी आयी । गृह मंत्री जी तो यहां पर उपस्थित नहीं है । जो भी जवाब देंगे, बोलेंगे उस तरह से, वे बतायेंगे कि जिन आदमियों को आयोग ने गुनाहगार साबित किया था उसमें से क्या कोई पकड़ा गया, क्या किसी के खिलाफ मुकदमा चला, क्या किसी को जेल भेजा गया और नहीं जेल भेजा तो या यह शंका आम जनता के दिमाग में घर नहीं कर जायेगी कि यह सब किसी की शह पर कराया गया था । अगर एक न नहीं लिया गया, क्यों नहीं एक्शन लिया गया उन बेगुनाहों की हत्या करने वाले लोगों के खिलाफ ?

मान्यवर, यह सौभाग्य की बात थी कि 24 जुलाई, 1984 ई० को संत लोंगोवाल, जो देश की एकता में विश्वास करते थे, जो हिंदू-सिख एकता में विश्वास करते थे, जो आतंकवादियों के खिलाफ थे, उन्होंने देश की, पंजाब की भलाई के लिए श्रीयुत्त राजीव गांधी साहब से फैसला किया । फैसला हुआ, देश में बड़ी खुशी हुई कि शांति और व्यवस्था पंजाब में स्थापित होगी, लेकिन 20 दिन पश्चात् उस शांति के पुजारी का, जो अमन और शांति और हिंदू-सिख एकता मे और देश की एकता में यकीन रखता था, उसका कतल कर दिया गया तो क्या आंतकवादी देश में शांति चाहते थे, पंजाब में शांति चाहते थे, इसका वह जवाब देंगे ?

पंजाब में सितम्बर, 1985 में चुनाव हुए । अकाली दल की सरकार गठित हुई, करीब-करीब बीस महीने अकाली दल की सरकार ने कार्य किया । अभी मेरे परम मित्र, माननीय सुकुल जी कह रहे थे कि उसे बर्खास्त कर दिया गया कि वह फेल रही आंतकवाद को कंट्रोल करने में, स्वीकार, लेकिन मान्यवर, आप भी मुझसे सहमत हों शायद कि फरवरी, 1987 ई० में सेंट्रल हाल में राष्ट्रपति महोदय ने जब दोनों सदनों को सम्बोधित किया, तो बरनाला और पंजाब सरकार की प्रशंसा मुक्त कंठ से की—राजीव गांधी जी ने प्रशंसा की थी, दोनों हाउसेज में प्रशंसा की थी और 17 मई, 1987 ई० को वह सरकार बर्खास्त कर दी गयी ।

श्री पवन कुमार बांसल : इन तीन महीनों में क्या कुछ हुआ, वह आप नहीं जानना चाहते है ।

श्री वीरेन्द्र वर्मा : मैं बता रहा हूं, अगर आप सुनेंगे, तो मैं जरूर बताऊंगा ।

उपसभाध्यक्ष (डा० बापू कालदाते) इसीलिये तो पूछा होगा ।

श्री वीरेन्द्र वर्मा : हां, इसी लिये तो बता रहा हूं ।... **(व्यवधान)**

श्री पवन कुमार बांसल : यह बात रह गयी थी... **(व्यवधान)**

श्री वीरेन्द्र वर्मा : तब अन्त में वह बात रह जायेगी, तब मुझसे पूछियेगा ।

तो प्रशंसा करने के तीन महीने पश्चात् वह बर्खास्त कर दी गयी और बर्खास्त कर देने के बाद, मान्यवर 17 मई, 1987 ई० से राष्ट्रपति शासन लागू किया गया । साढ़े दस महीने हो चुके है, क्या मैं माननीय मित्रों से यह पूछ लूं आपकी आज्ञा से, आपके द्वारा कि इन साढ़े दस महीनों में जो बीस महीनों में कतलेआम हुआ था, बरनाला साहब की हुकूमत के दौरान, उसके तीन गुना कतलेआम अब नहीं हुआ है ? मुझे जुठला देंगे कि मैं गलत कह रहा हूं ।

तो, मान्यवर, अब फिर किसे बर्खास्त किया जाए ? उस समय तो बरनाला की सरकार को... **(व्यवधान)**

SHRI PAWAN KUMAR BANSAL: There is a qualitative change in the situation.

श्री वीरेन्द्र वर्मा : सुन लो, सुन लो.. हम तो आपकी बात बहुत शांति से सुन रहे थे ।

श्री हरबंस सिंह हंसपाल : आप भूल रहे हैं, उस वक्त आंतकवादियों की पेरेलल सरकार बन गई थी ।

श्री वीरेन्द्र वर्मा: अच्छा सुन लीजिए। आपकी बात हमने बड़े ध्यान से सुनी और आपने अपनी बात बहुत रचनात्मक ढंग से और उचित कही, वह अच्छी भी लगती है, लेकिन बरनाला सरकार को बर्खास्त किया गया केवल इस वजह से कि वह आतंकवाद को न रोक सके और अब साढ़े दस महीनों में कौन बर्खास्त होगा ?

आप तो बिल्कुल ही फेल हो गए हैं, गुप्तचर विभाग भी आपका फेल, पंजाब का मौजूदा गवर्नर राज भी फेल और केंद्र की सरकार भी फेल ।

मान्यवर, मैं आपको केवल यह कहना चाहता हूं कि और इतना ही नहीं, अगली बात मेरी शायद किन्हीं और लोगों को बुरी लगे—वह सौभाग्य है कि इस देश में प्रजातंत्र है। लेकिन दुर्भाग्य है इस देश का कि पंजाब में जो चुनी हुई एस०जी०पी०सी० शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबन्धक समिति है उसे भी खत्म कर दिया यानी जो चुनी हुई कमेटी है उसको भी बर्खास्त किया गया, भंग कर दिया गया। इतना ही नहीं बरनाला साहब (लोंगोवाल अकाली दल) के प्रेसीडेंट कबूल सिंह जी का भी कत्ल कर दिया गया। बरनाला साहब अब जो यह 3 मार्च को आनंदपुर साहब में होला महल्ला हुआ उसमें जा ही नहीं सके और बादल साहब गए जरूर लेकिन हाथ भी नहीं उठाया खालिस्तान की मांग के ऊपर और चुप बैठे रहे और सब ने खालिस्तान पर हाथ उठा दिया। मेरे कहने की मंशा यह है कि चाहे यू० ए० डी० है, चाहे लोंगोवाल अकाली दल है, चाहे शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी है, मैं एक का नहीं कह रहा हूं सारे आज निष्क्रिय हैं, सारे आज बेकार हैं और कहीं आज आतंकवाद ही छाया हुआ है तो यह देश के लिए, प्रजातंत्र के लिए अत्यन्त ही दुर्भाग्य की बात है, इसको मैं कभी भी उचित और सही नहीं मान सकता। केन्द्र की सरकार ने वह कहते हैं पंजिवन में कि "देर आयद दुरुस्त आयद" 40 जोधपुर के डेटेन्यूज को, हवालातियों को छोड़ा, यह उचित किया और पांच मुख्य ग्रंथियों को छोड़ा कल-परसों में और छोड़े, उचित कदम है, रचनात्मक कदम है, भावना उचित नजर पड़ती है कि पंजाब के मामले को सुलझाने की दृष्टि से ऐसे कदम उठाए जा रहे हैं। किन्तु फिर भी मुझे दुख होता है कि जिस दिन पांचों ग्रंथी जी छूट कर यहां से अमृतसर पहुंचते हैं और स्वर्ण मन्दिर के अन्दर उनका स्वागत होता है तो एके 47—राइफल्स के द्वारा उनका स्वागत होता है। खालिस्तान के नारे लगाए जाते हैं यह भी सर्वथा अनुचित है और कोई भी इसे ठीक नहीं मान सकता। फिर मान्यवर, लोग कहते थे कि आतंकवादी एक हजार हैं, दो हजार हैं लेकिन कई हजार तो आप पकड़ भी चुके हैं, फिर दो हजार क्यों कहते थे ? फिर कहते थे कि एके–47 जो चाईनीज राइफल्स हैं 40, 50, 60 हैं। आज गुप्तचर विभाग भी यह कहता है कि दो हजार से ज्यादा हैं। फगवाड़े में जो राकेट फेंका गया यह कहां से आया ? चाईनीज ए० के० 47 राइफल्ज कहां से आई? आपने यहां इसी हाउस में संविधान के 249 धारा के जरिए एक प्रस्ताव पास किया था काश्मीर से लेकर गुजरात तक सुरक्षा पट्टी बनाने का, मैं उस समय विरोध में था इस कारण कि आपने पंजाब की चुनी ई सरकार को कंफीडेंस में नहीं लिया, लेकिन आप किसी भी तरह से पंजाब को कन्ट्रोल नहीं कर सके और उसमें भी बुरी हालत हो गई जो कि सुरजीत सिंह बरनाला साहब के जमाने में थी। तो उस रक्षा पट्टी के आधार पर आपने क्यों नहीं उसकी व्यवस्था की ? सब मानते हैं, पंजाब की सरकार मानती है, आप भी मानते हैं, केन्द्र की सरकार भी मानती है कि तस्करी यह जो मादक द्रव्य मादक पदार्थ हैं मैं तो कुछ जानता नहीं लेकिन अभी कुछ ज्यादा कान में पड़ने लगा है हशीश कहें या एक हेरोइन है और हेरोइन का नाम उस समय तो जरूर सुना था फिल्मों में हीरोइन है, कुछ और भी हैं ऐसी-ऐसी चीजें और कहते हैं कि इसकी कि एक किलो की कीमत एक करोड़ है या एक लाख है, शायद एक करोड़ ही है ।.... (**व्यवधान**)

श्री कलर नाथ राय: एक किलो की करोड़ है ।

श्री वीरेन्द्र वर्मा : हां, ऐसी-ऐसी ये सारी चीजें पाकिस्तान से आ रही है और हथियार जितने भी हैं वे सारे पाकिस्तान से आ रहे है। राकेट पाकिस्तान से आ रहे हैं, चाइना से हथियार आ रहे हैं और यह कहते है, मैं अखबार देख रहा था, कि सुपर-ह्यूमेन चाहिए, उस बार्डर को कंट्रोल करने के लिए। तो आपने सुरक्षा-पट्टी के लिए क्यों प्रस्ताव पास करवाया था, सरदार जी, क्यों नहीं उसको लागू किया ? जो सुपर-ह्यूमैन की बात करते हैं, सुपर ह्यूमैन तो किसी देवता को कहते हैं, देवता तो कोई है नहीं ? अगर सुपर ह्यूमेन ही करेगा तो सुरक्षा-पट्टी नहीं लेनी चाहिए थी। अगर आपने सुरक्षा पट्टी का रेजोलूशन पास करवाया था तो लागू करवा कर क्यों नहीं रोका गया ? मैं भी, आप भी, सारा देश, सारा हाउस जानता है कि पाकिस्तान के जरिए तस्करी हो रही है, पाकिस्तान के जरिए हथियार भी आ रहे हैं, पाकिस्तान के जरिए विदेशों के हथियार भी आ रहे हैं और यहां से टेरारिस्ट पाकिस्तान के जरिए से विदेशों में भी भाग रहे हैं तो क्यों नहीं यह सब रोका गया ? आप भी फेल, आपकी सरकार भी फेल और आपका गुप्तचर विभाग भी फेल।

मान्यवर, 23 मार्च, 1988 को जबलपुर का जो केन्द्रीय आयुद्ध भण्डार है, उसमें लम्बी दूरी के, मध्य के, नजदीक के हथियार रखे थे, वहां एक करोड़ रुपए से भी अधिक क्षति पहुंची है, दो गांव खाली कराए हैं, कुछ आदमी जख्मी हुए हैं। खालिस्तान कमाण्डो तो कहता है कि हमारा काम है। अब पता नहीं झूठ कहता होगा या सत्य कहता होगा, लेकिन नुकसान हुआ न। यह किसके लिए चुनौती है ? यह सरकार के लिए चुनौती है। अगर देश के केन्द्रीय आयुद्ध भण्डारों में इस प्रकार की आग लगाई जा सकती है तो आप देश की रक्षा क्या कर सकेंगे ?

मुझे बहुत दुख और अफसोस के साथ कहना पड़ता है कि मान्यवर, पंजाब के कुछ जिले ऐसे हैं, अमृतसर और गुरदासपुर, जिनमें रोजाना गांव-गांव इस प्रकार की हत्याएं बेगुनाह लोगों की होती हैं और यह दुर्भाग्य है कि फिर अमीर आदमी चाहे वे सिख हैं या हिन्दू है वे भागने लगे हैं। उनसे पैसे मांगे जाते हैं, उनको धमकी भरी चिट्ठी भेजी जाती है कि इतने पैसे भेज दीजिएगा और यह चिट्ठी अकाली दल के स्वर्ण-मंदिर से भेजी जाती है, जो दुख की बात है। स्वर्ण-मंदिर, जिसकी हमारे जैसा आदमी भी कद्र करता है... (**व्यवधान**)... सरदार जी, आप सुनो हमारे जैसा आदमी भी कद्र करता है। सिखों से ज्यादा हिन्दू वहां पर जाकर सजदा करते थे, पूजा करते थे, उसको मानते थे लेकिन जिन परिस्थितियों में वहां की स्थिति अब बन गई है, उससे वहां के हालात बहुत खराब हो चुके हैं, वहां की परिस्थितियां रोजाना फिर बिगड़ती ही बिगड़ती चली जा रही है। पैसा आपको चाहिए था... (**व्यवधान**)...

उपसभाध्यक्ष (डा० बापू कालदाते) : अब समापन कीजिए।

श्री वीरेन्द्र वर्मा : बस कर रहा हूं। पैसा आपको चाहिए था, चाहे आपकी सरकार रहे, किसी की सरकार रहे, अच्छी रहे या बुरी रहे, कामयाब हो या नाकामयाब हो, पैसा तो चाहिए ही प्रशासन को चलाने के लिए, लेकिन कुछ दृढ़ निश्चय लेने की आवश्यकता होगी। देश मजहब के नाम पर एक दफा बंट चुका है और इस देश के तीन करोड़ इंसान हिन्दू, मुसलमान और सिख तबाह और बर्बाद हो चुके हैं। हमने तमस देखा है, रोए हैं उसको देख-देख कर। उस समय भी हमने देखा हम जवान थे, जिस समय देश का बंटवारा हुआ था, किस तरह से बहनों की इज्जत लुटी थीं। क्या हिंदुस्तान के धर्म के नाम पर बंटवारे की वह जो मांग है, इससे देश की, देश के लोगों की, सिखों की, हिन्दुओं की रक्षा हो सकती है ? किसी भी हालत में हिंदुस्तान देश के और बंटवारे को सहन नहीं कर सकता। किंतु मान्यवर, बुद्धिमता के साथ, अक्ल के साथ, समझदारी के साथ, मैं तो यह नहीं

कहता, जो हमारे सभाध्यक्ष जी ने कहा था, उसकी कमी है, लेकिन बुद्धिमता, अक्ल और समझदारी के साथ आप काम करें और पंजाब की समस्या को भाई-चारे के साथ, मित्रता के साथ सुलझाएं। मुनि जी भी कुछ कर दें तो उनका भी स्वागत है, कोई कर जाये, उसका स्वागत है, लेकिन गले से लगाकर, प्रेम और मोहब्बत के साथ इस समस्या को सुलझाने की कोशिश करें। पंजाब हमारे देश का अभिन्न अंग है, हम पंजाब पर, पंजाब के सिखों पर गौरव करते हैं।

श्री कल्पनाथ राय : आदरणीय उप-सभाध्यक्ष महोदय, मैं पंजाब विनियोग लेखानुदान विधेयक, 1988 का समर्थन करने के लिए खड़ा हुआ हूं। सरकार ने पंजाब के लिए जो 7 सौ करोड़ रुपए की व्यवस्था की है इससे पंजाब का आर्थिक औद्योगिक विकास होगा और यह जो मांग प्रस्तुत की गयी है, यह बिल्कुल सही है। उपसभाध्यक्ष महोदय, जब पंजाब के ऊपर बहस हो रही है तो हमारे मित्रों ने कुछ बातें कही हैं उसकी तरफ आप का ध्यान आकर्षित करना जरूरी है। महोदय, पंजाब हिंदुस्तान का अविभाज्य अंग है। पंजाब के रहने वाले सिख और हिंदू बहादुर कौम है। हिंदुस्तान की आजादी की लड़ाई में इन लोगों ने बड़ा भारी योगदान दिया है। हिंदुस्तान के अभिलेखागार इस बात के साक्षी हैं कि हिंदुस्तान के जिन 126 लोगों को फांसी दी गयी उनमें 96 लोग पंजाब के थे। जिन 29सौ लोगों को कालेपानी की सजा हुई उनमें 19 सौ लोग पंजाबी थे, जलियांवाले बाग में जो 1300 लोग मारे गए उनमें 800 सिख थे। पंजाब के बहादुर लोगों ने हिंदुस्तान की आजादी की लड़ाई में बड़ा योगदान दिया है। उपसभाध्यक्ष महोदय, आज पंजाब में जो कुछ हो रहा है, यह अंतर्राष्ट्रीय साम्राज्यवादी कुचक्रों के कारण ही हो रहा है। महोदय, मै विरोधी दल के नेताओं से एक सवाल पूछूंगा कि ईरान-ईराक के बीच जंग क्यों रही है? अफगानिस्तान में इतना तनाव क्यों है? क्यों दो महाशक्तियां टकरा रही है? वियतनाम में 17 वर्षों तक क्यों लड़ाई चलती रही ? लाओस और कम्बोडिया में क्यों खूनी संघर्ष हुए? क्यों लाखों लोगों की वहां जानें गयी? आज पंजाब में साम्राज्यवादी ताकतें पूरी शक्ति से हिंदुस्तान की एकता और अखंडता को खंडित करने के लिए उतारू हैं। इस गहरे सवाल पर बहुत ही बुनियादी तरीके से विचार करना होगा। महोदय, मैं आदरणीय वीरेन्द्र वर्मा जी की बातों से सहमत हूं, मगर मुझे एक ही बात पूछनी है कि 1977 में पंजाब में जब श्री बादल की सरकार बनी और दिल्ली में जनता पार्टी की हुकूमत थी तब एक भी मांग पेश नहीं की गयी। न शिरोमणि अकाली दल के द्वारा पेश की गयी और न अकाली दल के द्वारा पेश की गयी। न आतंकवादियों के द्वारा, न बादल ने बरनाला--किसी ने भी एक मांगपत्र प्रस्तुत नहीं किया। परंतु दुनिया की साम्राज्यवादी ताकतो की मर्जी के खिलाफ 1980 में इंदिरा गांधी सत्ता में आई और उनके सत्ता में आते ही अकालियों ने 20,30,40,50 मांगें, धर्मयुद्ध की बातें शुरू कर दी। महोदय, पंजाब की जनता हमारे साथ है, लेकिन मुट्ठीभर आतकवादी जो कनाडा और इंग्लैंड से पैसा पाते हैं और जिनके पीछे साम्राज्य-वादी ताकतें हैं। जिनके पीछे पाकिस्तान, चीन और दुनिया की वे ताकतें हैं जो हिंदुस्तान को तोड़ना चाहती हैं। महोदय, आज सबसे बड़ा सवाल हिंदुस्तान के सामने देश की एकता और अखंडता का है। हिंदुस्तान की आजादी का जितना बड़ा खतरा आज है उतना बड़ा खतरा न जवाहर लाल जी के जमाने में था और न इंदिरा जी के जमाने में था। इस खतरे से निपटने के लिए राष्ट्रीय मतैक्य की आवश्यकता है। मैं आपकी बात से सहमत हूं कि सरकार को लगातार इस सवाल पर नेगोसिएशन टेबिल पर बैठकर चर्चा करनी चाहिए। पंजाब में शांति चाहने वाले लोगों और पंजाब की समस्या के हल में दिलचस्पी रखने वाले लोगों और भारत सरकार के बीच लगा-तार नेगोशिएशन होना चाहिए जब तक कि इस सवाल का हल न निकल जाय।

[श्री कल्पनाथ राय]

लेकिन इसके पीछे साम्राज्यवादी ताकतें हैं। इसके पीछे वे ताकतें हैं जो भारत को तोड़ना चाहती हैं।

उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं भारत सरकार से भी कहना चाहता हूं कि या तो संग या जंग। या तो इस समस्या को सुलह के रास्ते से सुलझाने की कोशिश की जाये नहीं तो जितनी सख्ती हो सके, की जाये। ये दोनों तरीके नहीं अपनाए जाने चाहिए। या तो strongest measure should be taken or soft measure should be taken नेगोशिएशन के माध्यम से अगर समस्या हल होती है तो बहुत अच्छा और अगर इस माध्यम से हल नहीं होती और विदेशी ताकतों की दखलंदाजी लगातार कायम रहती है तो हमें सख्ती से भी निपटना चाहिए। भारत की करोड़ों करोड़ जनता कन्या कुमारी से ले कर आसेतु हिमालय तक हिन्दू हिन्दुस्तान का बंटवारा नहीं होने देगी। इस बात की जानकारी मुट्ठी भर आतंकवादियों को होनी चाहिए और सरकार को सख्ती के साथ इन ताकतों के साथ निपटना चाहिए। हम देश को किसी भी कीमत पर तोड़ने नहीं देंगे। 1984 का चुनाव भारत की एकता और अखंडता के सवाल पर हुआ था। श्रीमती इंदिरा गांधी ने भारत की एकता और अखंडता के सवाल पर अपना चुना जाना पसंद किया परन्तु भारत का बंटवारा पसंद नहीं किया। आज यह बड़े दुख की बात है कि विरोधी दल चन्द्रस्वामी जैसे लोगों से डील कर रहे हैं। हमारे वीरेन्द्र वर्मा जी लोक दल के हैं, लेकिन हरियाणा के मुख्य मंत्री उस के पैर छूने जाते हैं चन्द्रस्वामी के घर पर। विरोधी दलों के नेता उस के साथ बैठते हैं।...

5-00 P.M.

श्री वीरेन्द्र वर्मा: मैं तो उस को घास भी नहीं डालता।

श्री कल्पनाथ राय: अंतर्राष्ट्रीय शस्त्र विक्रेता कशोगी का जो एजेंट हो, उस के साथ कौन बात कर सकता है? सारी विदेशी ताकतें आज हिन्दुस्तान को तोड़ने पर उतारू हैं और उन को ऐसे-ऐसे राष्ट्र द्रोही और जनघाती मिल जाते हैं जिन का वे इस्तेमाल कर रही हैं। प्रधान मंत्री की सरकार को बरखास्त करने की कितनी बड़ी योजना बनायी गयी, दुनिया जानती है। आदरणीय वर्मा जी खुद इस बात से सहमत नहीं होंगे। आज कांग्रेस की सरकार है, कल आप की सरकार आ सकती है। जनतंत्र में सत्ता का परिवर्तन होता है। ठीक है। लेकिन विदेशी ताकतों की साजिश से सत्ता में परिवर्तन किया जाये, विदेशी ताकतों की मदद ली जाय, राष्ट्र की चुनी हुई सरकार को बरखास्त कराने की साजिश की जाये, अंतर्राष्ट्रीय ताकतें उस में शामिल हों, सी आई ए के विदेशी एजेंट उस में शामिल हों, अरबों, खरबों रुपये विदेश से ले कर भारत के लोकतंत्र को नष्ट करने का प्रयास किया जाता हो यह कितना राष्ट्रघाती कदम है, यह आप समझ सकते हैं। वर्मा जी आप चाहे जो समझें, लेकिन आप जैसे मित्र से मुझे उम्मीद नहीं है कि यह आप नहीं मानेंगे इस पूरे पंजाब के संकट के पीछे विदेशी ताकतें हैं।

श्री वीरेन्द्र वर्मा: मंजूर। मंजूर।

श्री कल्पनाथ राय: उन विदेशी ताकतों के माध्यम से अरबों, खरबों रुपये दिये जा रहे हैं। उन कनाडा और इंग्लैंड में रहने वाले जगजीत सिंह चौहान ने इंदिरा गांधी की हत्या के पहले कह दिया था कि इंदिरा गांधी को किसी कीमत पर छोड़ा नहीं जा सकता। इतनी देश राष्ट्रद्रोहियों की हिम्मत। मैं भारत सरकार से और राजीव गांधी से अपील करूंगा कि इस तरह के जनघाती और राष्ट्रघाती गद्दारों को कुचल देने की पूरी ताकत रखना चाहिए और भारत की 70 करोड़ जनता राजीव गांधी के पीछे खड़ी है। यह मुट्ठी भर लोग क्या हमें डिक्टेट करेंगे? मुट्ठी भर लोगों के डिक्टेट करने से हम क्या देश की तकदीर का फैसला करेंगे? उपाध्यक्ष महोदय, पाकिस्तान के जियाउल हक की सरकार खुले आम इन आतंकवादियों की मदद कर रही है। खुले आम अफगानिस्तान

की अरबों, खरबों की अफीम की तस्करी हो रही है। अफगानिस्तान में अफीम पैदा होती है। कंबोडिया में पैदा होती है, बर्मा में पैदा होती है। और पूरी दुनिया में एक गिरोह काम कर रहा है इन विदेशी ताकतों का और यह कोई नयी बात नहीं है। 1944 में हिन्दुस्तान की कम्युनिस्ट पार्टी ने प्रस्ताव पास किया था सिख राज्य के बनाने का। यह आप को भी मालूम है। अंग्रेजों ने दक्षिण को हिन्दुस्तान से अलग करने की कोशिश की थी जस्टिस पार्टी बना कर। अम्बेदकर को गांधी जी से अलग करने की कोशिश की गयी और पाकिस्तान के बनाने का सामान हिन्दुस्तान के कुछ लोगों ने किया था। उस समय राष्ट्र आजादी की लड़ाई लड़ रहा था और हमारी आजादी की, एकता और अखंडता की लड़ाई गांधी जी के नेतृत्व में इतनी प्रखर थी कि राष्ट्रवादी ताकतें मजबूत रहीं और भारत को आजादी मिली। आज बदकिस्मती है कि एक तरफ जहां विदेशी ताकतें भारत को तोड़ने पर उतारू हैं साम्राज्यवादी ताकतें हिन्दुस्तान को अपने ग्लोबल दृष्टिकोण से डि-इस्टेबलाइज करना चाहती हैं, वहीं देश के फंडामेंटलिस्ट फोर्सेज मुस्लिम लीग, कट्टर मुस्लिम लीगी, कट्टर सिख संप्रदाय, कट्टर हिन्दू वह आज हिन्दुस्तान को अपने-अपने दृष्टिकोण से तोड़ने का कुचक्र फैला रहे हैं। स्थिति गंभीर है, परिस्थिति नाजुक है। केवल भावनाओं में नहीं बहा जा सकता है। इस सवाल पर राष्ट्र की एकता और अखंडता को मद्देनजर रखते हुए नए सिरे से विचार करना होगा। मैं प्रधान मंत्री राजीव गांधी जी से अपील करूंगा कि पंजाब की समस्या के हल के लिए एकमात्र सालयूशन पोलिटिकल सालयूशन है, जिसके लिए नेगोशियेशंस आरम्भ होने चाहिए। अमरीका और रूस पाकिस्तान की समस्या के हल के लिए जेनेवा में महीनों-महीनों बैठ सकते हैं, अगर वियतनाम की समस्या के हल के लिए महीनों महीनों देश बैठ सकते हैं तो इस सवाल के ऊपर भी मुस्तैदी के साथ हमें पोलिटिकल सालयूशन करने की कोशिश करनी चाहिए।

आदरणीय उपसभाध्यक्ष महोदय, मिजोरम की समस्या को हमने हल किया जो वर्षों से थी। आसाम की स्थिति राजीव गांधी जी के नेतृत्व में संभली। हमने पूरे मुल्क की समस्याएं हल कीं तो पंजाब की समस्या का भी हल हो सकता है क्योंकि पंजाब की बहादुर जनता भारत की एकता और अखंडता के साथ है। पंजाब में कुछ मुट्ठी भर लोग, कुछ अकाली जिनको मौका मिला हुआ है अपनी रोटी सेंकने का, वे ही इसके पीछे हैं। जब अकाली सत्ता में आए थे तो कहां गई थी बादल की, बरनाला की मांगें, कहां गए थे अकालियों के मंसूबे? ये अपनी अपनी कुर्सियों की लड़ाई लड़ रहे है, पचासों मुख्य मंत्री पद के उम्मीदवार हैं कुछ इस काली दल के, कुछ उस अकाली दल के। आप देखिए कि उत्तर प्रदेश और बिहार इतने पिछड़े हुए राज्य हैं और पंजाब का इतना विकास हो चुका है, फिर भी उत्तर प्रदेश और बिहार के लोग जहां गरीबी बेमिसाल है, जो 40 वर्ष से गरीब हैं, मगर आजादी और अखंडता के सवाल पर मिट जाएंगे, लेकिन भारत की एकता का सौदा नहीं करेंगे। इसलिए जो पंजाब में आज हो रहा है, उसके पीछे साम्राज्यवादी ताकतें हैं, कनाडा और इंग्लैंड में रहने वाले सिख हैं, जो फेक पासपोर्ट लेकर पंजाब में आते हैं, वहां पर आतंक मचाकर हमको शिक्षा देना चाहते हैं। मैं चाहता हूं कि ऐसे राष्ट्र-द्रोहियों के खिलाफ जो कनाडा और इंगलैंड के नागरिक हैं, जो हमारे मुल्क को गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं, उनके खिलाफ सख्ती के साथ भारत सरकार को निपटना चाहिए। राष्ट्र-द्रोहियों को किसी भी कीमत पर माफ नहीं किया जा सकता है। इसके साथ ही पंजाब की समस्या के पोलिटिकल सालयूशन के लिए पूरी ताकत से काम करना चाहिए और दोनों पक्षों के लोग जो कांसेंसस डेवलप करें, उस पर भारत सरकार को भी आचरण करना चाहिए क्योंकि इसका जल्दी हल नहीं करेंगे तो राष्ट्र की एकता और अखंडता को खतरा होगा। इन शब्दों के साथ मैं इस बजट का समर्थन करता हूं।

SARDAR JAGJIT SINGH AURORA: Mr. Vice-Chairman, before I start my talk, I would very much like to congratulate hon. Hanspalji for his analysis of the problem, his sympathetic treatment of the conditions of the Punjabis who are living in Punjab under the present circumstances I feel the entire House has benefited greatly from his analysis. I would also like to compliment hon. Bansalji for the trouble he has taken to put across the economic problems of Punjab. I was thinking about it and then I realised that Punjabis are basically hard-he-aded people. The is why the farmers, the factory people and the business people, in spite of the fact that they have lived for six years under terrible conditions, have continued one another and continued to make money, continued to help this country, especially with the agricultural produce. Now I have the following comments to make on the Budget itself.

I agree that it a pity that this Budget has to be presented here in the Lok Sabha and the Rajya Sabha. It would have been very much better, and possibly the Budget could have been improved, if more elected heads had been involved in its formulation.

Looking at this Budget, I find that the revenue receipts, which are going to be better than last year, are stlll going to be Rs. 239 crores short of the expected revenue expnditure. The capital receipts, on the other hand, which have been worked out to be something like Rs. 23750 crores, are made up of public debts, both internal debts of the States and the loans and advances from the Central Government, which would means that Punjab"s own ability to produce capital receipts is strictly limited and very meagre. So the balanced budget, as has been made out by the Government of Punjab, is really a contrived balanced budget, but it does show that it is primarily existing on borrowed money.

The revenue receipts are totally inadequate and the State undertakings are contributing practically little towards these.

There is no doubt that Punjab has been starved of indutsries, especially major industries, for a long period. The need today is not just the small scale industry, or even medium industry, but large major industrial complexes which can spawn many medium and small scale industries, thereby providing large scale employment.

I do realiset that violence and conditions have not been conducive to private entreprenurs wanting to invest money and starting new projects. But there is no doubt that if the Central Government had set up these industries in time, the situation could not have been as bad as it is today. Looking at the figures, I notice that the Central Government financed projects which used to be 2.20 per cent only in Punjab in the year 1979, in 1985-1986 has come down to 1.05 per cent. There is no doubt that there is need now for the Centre to try and give as many projects as possible in the remaining two years of the Seventh Five Year Plan.

Any progress means power generation. I agree that today Punjab is reasonably better off than many other States so far as power is concerned. But if we are going to carry out...Could you please let me have my say. You can go out and chat if you like. I would not object at all. Apart from industry, to meet the demand of agriculture, in which field Punjab must continue to progress not only for its own well being but the well-being of the country as a whole, there is need for more power projects. There is need that ground work for the power projects which have been accepted for the Eighth Plan should be started during the eventh Plan. Otherwise left situation will get much worse during the Eighth Plan. I am not going into the details because they have been mentioned by both the worthy Members, Hanspal Ji and Bansal Ji. All I say is that I fully support that we must have for Punjab a nuclear power project and preferably a gas-based power project.

I would particularly ike to make a mention about the Ranjitsagar Dam Project. I think, the Centre had allotted Rs. 500 crores for this Project. With the cost

escalation there is need to increase that by another Rs. 100 crores to Rs. 150 crores in order to ensure that this project does come on stream when it is required. The vitalness of this has already been stressed.

Coming to the industrial projects, quite candidly the first priority should be given to the agro-based industrial projects. The Agro-Tata Pepsico Project has already been mentioned. I am very sorry to say that the Government of India has found it singularly difficult to give a decision on this project which fulfils all the terms and conditions that have been laid down for a project of this nature, where assistance from a multinaional company from outside is required. It is being delayed primarily under political pressure in order to safeguard rather a powerful individual who feels that his monopoly is likely to suffer when this project comes in There is no doubt that this Project will create a large number of jobs. It will enable Punjab to diversify. It will enable the country to earn Rs. 50 crores in the next five years in foreign exchange It is no small sum.

There are many other projects which the Government of Punjab — the present one and the one headed by Sardar Barnala—have submitted to the Centre, and they all are waiting to get sanction and get started. I believe that some of these projects would rquire Centre giving financial assistance or taking part in those projects financially. But considerinng the situation and considering the problems of Punjab, it would be money will spent. In any case, there has been no project set up in Punjab, whenever any project has been set up, which has not been a success. I cannot say that for many other public sector projects outside Punjab.

Apart from the Government's help in setting up new industries it is also necessary to improve the financial and economic climate for private entrepreneurs. For this the Reserve Bank of India and he Industrial Development Bank of India ıave already granted certain concessions, bus these are likely to expire in June and at the end of this month. There is a definite need that these concessions are extended in the first instance at least for one year more to persuade private entrepreneurs to invest thier money in this State.

The question about declaring the whole of the Punjab State as a backward area has already been mentioned, and it should be done for the next five years.

SHRI KALPNATH RAI: The whole country should be declared poor.

SARDAR JAGJIT SINGH AURORA: The point is, if you have given a stepmotherly treatment for so many years, you have to make amends for it some time.

Another aspect that I would like to mention here is about the Gaindwal Development Complex. This needs special mention because apart from the thermal power plants which have already been accepted, necessity exists to link this complex by rail. Reconnaissance about this has already been done and report has been submitted. All that is required is for the Government to take a decision.

I may mention that the promised investment by the Cenre of Rs. 100 crores for his complex is badly lagging. For example, the BHEL has promised to invest Rs. 13.5 crores in this complex. They have so far invested only Rs. 3.5 crores.

As mentioned earlier, the present problem in Punjab is not purely a law and order problem. For several reasons, its development has lagged behind. In the last few years, the continued violence has further adversely affected its economy. The financial position of the State is in a very poor shape, but there are great potentials in men and resources which can be exploited for the benefit of not just the State's well-being, but for the entire nation's well-being. I, therefore, urge the Central Government to make a special effort to give a boost to the States economy by establishing new power pro-

[Sardar Jagjit Singh Aurora]

jects and agro-based and petro-chemical industries which will improve the employment climate.

SHRI HARVENDRA SINGH HANSPAL: Don't you have to say something about the political situation in Punjab?

SARDAR JAGJIT SINGH AURORA: Yes, I have to.

SHRI HARVENDRA SINGH HANSPAL: Say something.

SARDAR JAGJIT SINGH AURORA: Yes.

SHRI V. GOPALSAMY: Are you interested in that controversy?

SARDAR JAGJIT SINGH AURORA: It is important and I was going to speak on this. I am glad that it has been asked for.

I must bring up the point about the State terrorism trying to battle to eradicate public terrorism. I have said earlier also, and I think it is almost an accepted axiam that State terrorism has never been able to destroy public terrorism and public terrorism has never succeeded in establishing a State for itself. So, there is no doubt that both sides are really trying to achieve something which is impossible. And in the process who is the sufferer? It is the common man in Punjab. Whether he is a Sikh, a Hindu or a Mussulman, he is the sufferer. I entirely agree with Shri Hanspal Ji that he is suffering from both ends. He is a victim of State terrorism and a victim of public terrorism if our state government, which is now directly under the Indian Government, is bereft of all imaginations or milk of human kindness and persists, even when it cannot succeed with all the draconian laws that it has already got, and wants to bring in emergency. I am very sorry to say that Punjab, leave alone Punjab, the whole country has nothing but darkness in front of it. The Government must try and analyse why it has failed. It is not for lack of resources, it is not for lack of the various laws that are at its dospisal. In fact, in no other democratic country such horrendous laws have been passed where a witness does not have even to identify himself. Recognition by him from photograph is accepted as evidence in court. He may not be present in the court in spite of it the Government has failed. It now comes back with an excuse that because the courts who still have some respect for justice, have released these people, that is why terrorism has been able to do so much damage. The fact remains that the Government has lost its moral credibility. A Government which cannot give justice, which cannot punish the guilty of November, 1984 horrendous killings even after 3 and half years, not even a single individual, what moral right has this Government? A Government which incarcerates people by the hundreds or even thousands without any trial and without going by the laws which they have themselves made, what moral right it has got? I quite agree that very few, very few people indeed, want "Khalistan". But please do remember that the people who do not want "Khalistan." have a sense of grievance and they are bitter with the way this Government has treated them, with the way that this Government has no respect for any accord which they have made, with the way they have sought some excuse or the other to totally ignore their sentiments them, with the way that it only looks that far not

beyond its nose as to what is going to happen in the next elections. If this atitude continues you can make any number of laws these will not have the desired effect. The terrorists are beyond the pail of law. Any law that you make for them is not going to help you.

The people for whom you are making the law are the people who till today, in spite of what you have done to them, are loyal to the country. They want peace and they do not want "Khalistan'. So it is time that the Government did realise that they are totally on the wrong track and unless they are able to be generous enough, broad-minded enough, be big enough and persist in the effort of winning the heart and the mind of the people, they are not going to succeed. If you make these draconian laws, you do not win the heart and mind of the people. If you give your law and order forces such tremendous power that they are able to abuse them and they are not worried that they may be taken to task. In fact, the Government's record with regard to punishing those members of the security forces, who have flouted the laws, is one reason, why there is so much bitterness, and why they are failing so badly.

THE VICE-CHAIRMAN (DR. BAPU KALDATE: You have to conclude now.

SARDAR JAGJIT SINGH AURORA: Just one minute.

There is only one point I would like to add here and that is that having now taken this initiative of releasing five head prests and 40 detenus from Jodhpur which, to my mind, is not a generous gesture -— it is just a bargaining attitude — I hope that the Government will rise to the occasion and release all the detenus, start cases against the guilty in Delhi and other places and be ready to support Jasbir Singh Rode to the maximum extent by saying, that he has mentioned "Pooran Azadi" or "other Azadi". Those are little nit-picks. A Government which wants to achieve results does not get tied up on nit-picks. It is possible and I pray to God that it would be possible to find a suitable solution to the Punjab problem so that this country can progress and become a great country which it very well deserves to be. Thank you.

SHRI V. GOPALSAMY: Mr. Vice-Chairman, Sir, that the discussion of the Budget which should have taken place on the floor of the State Assembly of Punjab is taking place on the floor of the Rajya Sabha, the Rajya Sabha the Council of States, is a testimony to the fact that somehow or the other, a deliberate mistake or mischief has been done by the Union Government to a particular State. Sir, the mention of the very word 'Punjab' evoked spontaneous admiration in the minds of the people, enormous respect for the State of Punjab particularly the Sikh community. Days were there when in every field, in every sphere, in the field of sports, it was the State of Punjab, the people of Punjab, who helped the Government of India, this country to come out with flying colours and the State of Punjab, the land of Punjab, has done marvellous service to this country. When the war broke out with our neighbour, it stood like a rock, impregnable wall of defence; with such a bravery, with such a chivralry, with such a courage and conviction, they sacrified. But, Sir, today, the picture is totally different. The mention of the very word 'Punjab' creates panic. A fear psychosis has been created over the years. Nobody is happy over the present situation. Punjab is in trouble; it is in turmoil. Who is responsible for the present state of affairs in Punjab? I raise my accusing finger against this Government. Sir, the Government of India has miserably failed to create confidence in the minds of the people of Punjab Day by day. a sense of alienation is growing in the minds of the people of Punjab. Sir, I am terribly pained to see the attitude of the Government instead of showing the gesture of healing touch, it has only shown the guns. The trigger-happy adminstration could not establish peace and normalcy in the State of Punjab. For what reason the Government of India, the hon. Prime Minister declared, on such and such

[Shri V. Gopalsamy]

date, Chandigarh will be handed over to Punjab? What for? Then why that assurance was not honoured? Sir, commission after commission was appointed to meet the basic demands of the people of Punjab. Mr. Longowal paid a heavy price—yes, his precious life—for signing the accord. Law says that the guilty be punished. Nobody has got any sympathy for those guilty, who committed the unpardonable crime of the assassination of Madam Gandhi in the year 1984. They deserve the maximum punishment. But, Sir, all are equal. The life of a man who is living in a palace is, in no way, superior to the life of a man who is living on the pavement. Thousands of people were hunted and hounded in the streets of Delhi in the month of November, 1984. Sir, it is a tragedy that most of the people who voted for Madam Gandhi, who voted for Congress-I, who were not politically opposed to the ruling party, were hunted, hounded and killed and roasted like pigs. The only sin they had committed was that they belonged to that particular community. What action has this Government taken against the guilty? Parliament is not prepared even to discuss the report of the Ranganath Mishra Commission. Then how could they create confidence in the minds of the people of Punjab? Therefore, the sense of alienation is growing day by day. The guilty who committed the diabolical crime in the month of November have gone scot-free. Thugs, hooligans and rogues organize purposely, motivatedly, and they plundered, looted and killed the innocent. They have gone scot-free. How can the Government create confidence in the minds of the people of Punjab? Slowly, the hands of the extremists — they may be called terrorists or misguided youth — are getting strengthened. On the other hand, the hands of the moderates, by the actions of this Government, are getting weakened. This is a dangerous signal, dangerous trend. Which direction are you heading towards? Sir, a Bill, a legislation, has been passed in Parliament by a brute majority to pave the way for the declaration of emergency in the State of Punjab. It is the most unjustifiable, dangerous and unfortunate step that the Government has taken. Nobody can forget those dark days of emergency. Once it gets the powers, if the door is opened to declare emergency, I tell you today, it will tempt this Government because the present ruler has become highly impervious to all the criticisms. Therefore, any moment the person who is heading the Government, who is holding the reins of the Government, may lose his balance and may be tempted to declare emergency. Once emergency is declared, you are alienating the State of Punjab from others and the shadow will spread throughout the length and breadth of the country. It will spread from Kashmir to Cape Comorin. I warn this Government that it will be the death-knell of democracy. I am terribly sorry about the ostrich like policy of the present Government burying its hands under imaginary threats and imaginary fears shutting its eyes to the reality to the real situation. Every action of this Government is strengthening the hands of the extremists. Our honourable Prime Minister has got a penchant for accords. Every accord has become a quagmire where he has put his foot. He has created a mess and he commits blunder after blunder to come out of the mess he has created, the quagmire he has created. I do not understand the rationale behind the release of a batch of detenus from Jodhpur prison. For what reason were these 369 persons put behind the bars four years back? For what reason have only a batch of 40 been released now? If you have got any specific case against those persons individually, put them in the dock, conduct a trial...

AN HON. MEMBER: Speak about the Budget.

SHRI V. GOPALSAMY: You should have given this advice to Mr. Kalpnath Rai and other people. Why are we discussing the Budget here? I am putting a basic question before you. For what reason are we discussing this Budget? For the blunders committed by this Government we are forced to discuss Punjab Budget on the floor of Rajya Sabha. That is my point. Therefore, all the detenus should have been released. Even without declaration of emergency these people were put behind bars for four years. And

